कार्यालय लोक सेवा आयोग,उ0प्र0,
संख्या– 12/अतिगोपन–2/2018–19
इलाहाबादः दिनांक 30 मार्च, 2019

विज्ञप्ति

सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (सामान्य चयन/दिव्यांगजन–बैकलाग/विशेष चयन) (प्रार0) परीक्षा–2018 तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रार0) परीक्षा– 2018 का परिणाम घोषित कर दिया गया है । उल्लेखनीय है कि प्रारम्भिक परीक्षा के लिए कुल 635844 आनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे, जबकि परीक्षा में कुल 398630 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए । इस परीक्षा में चयन हेतु कुल पदों की संख्या 1080 है। प्रश्नगत परीक्षा के आधार पर सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (सामान्य चयन /दिव्यांगजन–बैकलाग/विशेष चयन) की 987+1 = 988 रिक्तियों के सापेक्ष मुख्य परीक्षा हेतु कुल 19096 अभ्यर्थियों , तथा सहायक वन संरक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी पद हेतु 92 रिक्तियों के सापेक्ष मुख्य परीक्षा हेतु कुल 2245 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया हे। मुख्य परीक्षा का कार्यक्रम एवं मुख्य परीक्षा हेतु सफल अभ्यर्थियों को आनलाइन आवेदन /परीक्षा शुल्क जमा करने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में पृथक से प्रेस विज्ञप्ति जारी की जायेगी । प्रारम्भिक परीक्षा परिणाम एवं सामान्य अध्ययन–प्रथम तथा सामान्य अध्ययन–द्वितीय प्रश्नपत्र के चारों सिरीज (A,B,C&D) की अंतिम उत्तर कुंजी (Final Answer Key) आयोग की वेबसाइट http://uppsc.nic.in पर उपलब्ध है । उत्तर प्रदेश शासन कार्मिक अनुभाग –4 के पत्र संख्या–15/37/97–का–4–2015, दिनांक 28 दिसम्बर, 2015 द्वारा सम्मिलित राज्य /प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा से सम्बन्धित सामान्य अध्ययन प्रश्नपत्र –।। (सी0सैट) को अर्हकारी (Qualifying) करने तथा इस प्रश्नपत्र में समस्त अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम अर्हकारी प्राप्तांक 33 प्रतिशत किये जाने की व्यवस्था के क्रम में परिणाम घोषित किया गया है ।

प्रश्नगत परीक्षा में सम्मिलित उपनिबंधक पद का परीक्षा परिणाम याचिका संख्या 36266/2018 रमेश चन्द्र चौबे व अन्य बनाम उ0 प्र0 राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित अन्तिम निर्णय के अधीन है।

अभ्यर्थियों के प्राप्तांक /कट ऑफ अंक आदि की सूचना आयोग की वेबसाइट पर शीघ्र उपलब्ध करा दिये जायेंगे। इस सम्बन्ध में जनसूचना अधिकार अधिनियम– 2005 के अन्तर्गत पृथक से कोई भी प्रत्यावेदन स्वीकार्य नहीं होगा ।

(जगदीश)
सचिव ।